# रीवा से मैहर जा रहे दम्पति भीषण हादसे का शिकार
# बेकाबू ट्रेलर ने बाइक को रौंदा, महिला की दर्दनाक मौत

**सतना।धार्मिक यात्रा पर निकले एक दम्पति के साथ सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। रीवा से मैहर स्थित माँ शारदा के दर्शन करने जा रहे बाइक सवार दम्पति को अमरपाटन थाना क्षेत्र के बारी मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बेरहमी से कुचल दिया। इस भयानक टक्कर में बाइक सवार महिला आरती द्विवेदी की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि उनके पति अजय द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गए।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद उन्हें रौंद दिया। दम्पति रीवा से मैहर की ओर जा रहे थे,लेकिन बारी मोड़ के पास काल बनकर आए बेकाबू ट्रेलर ने उनकी धार्मिक यात्रा को मातम में बदल दिया।






हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग टीम,डायल 112 और अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सबसे पहले घायल अजय द्विवेदी को अस्पताल पहुंचाया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। दुर्घटना में जान गंवाने वाली महिला आरती द्विवेदी का शव पुलिस ने कब्जे में लिया। पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया गया। अमरपाटन पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ मर्ग दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल टक्कर मारने वाले ट्रेलर को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है। पुलिस अब फरार ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी हुई है। माँ शारदा के दर्शन की आस लिए निकले इस दम्पति के साथ हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है और एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेलगाम दौड़ते भारी वाहनों की रफ्तार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। धार्मिक नगरी मैहर के रास्ते में हुआ यह हादसा परिवार और स्थानीय लोगों के लिए गहरा सदमा लेकर आया है।

## खबर संक्षेप

### नशे में गाड़ी चलाते तीन कार चालक गिरफ्तार, बगहा बाईपास पर यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**सतना।** बगहा बाईपास के पास यातायात पुलिस द्वारा की गई चेकिंग के दौरान नशे की हालत में कार चलाते हुए तीन वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत मामला दर्ज किया है और उनकी कारों को जब्त कर लिया है।

### सर्किट हाउस के पास खाली प्लॉट में पड़ा मिला मृत गाय का शव



**सतना।** सर्किट हाउस स्थित शराब दुकान के पास संजय मशीनरी के बगल के खाली प्लॉट में कल सुबह से एक मृत गाय का शव पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने शव को हटाने के लिए प्रशासन को सूचना दी है,लेकिन खबर लिखे जाने तक इसे उठाया नहीं गया था।

### रामनगर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल,नाराज व्यक्ति फ्यूरी मशीन के सामने लेटा, काम बाधित

**सतना।** रामनगर नगर परिषद क्षेत्र रामनगर के थाना चौराहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर तक बनाई जा रही पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य के दौरान एक अजीबोगरीब घटना सामने आई। निर्माण कार्य की क्वालिटी (गुणवत्ता) को लेकर असंतुष्ट एक व्यक्ति विरोध जताते हुए सीधे फ्यूरी मशीन के सामने लेट गया। इस नज़ारे को देखने के लिए वहाँ भारी भीड़ जमा हो गई,जिसके कारण निर्माण कार्य घंटों तक बाधित रहा।

## कोहरे का कहर... ठंडी और बढ़ी,17 तक राहत के आसार नहीं



**सतना। जिले में सोमवार की सुबह भी कोहरे के आगोश में रही,जिसके कारण धूप का असर कमजोर रहा। सुबह के वक्त दृश्यता कम रही। मौसम विभाग ने अनुमान जारी करते हुए कहा है कि सतना जिले में कहीं-कहीं घना कोहरा रह सकता है और 17 दिसंबर तक कोहरे की स्थिति बनी रहेगी, जिससे फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं है।**

### तापमान में गिरावट का अनुमान

कोहरे की वजह से दिन के तापमान में गिरावट होगी,जबकि रात के तापमान में ज्यादा गिरावट के आसार नहीं हैं। मौसम वैज्ञानिक आरके श्रीवास्तव बताते हैं कि कोहरे की वजह से दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है,जबकि रात का तापमान लगभग 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

### बारिश की संभावना से इनकार

मौसम विभाग ने फिलहाल बारिश होने की संभावना से इनकार किया है।रविवार को अधिकतम ताप मान 24.2 और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शनिवार को अधिकतम 25.9 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार को अधिकतम तापमान 24.4 और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में भी अत्यधिक घना कोहरा रहेगा।

### मौसमी परिस्थितियाँ

उत्तरी पाकिस्तान और निकटवर्ती क्षेत्रों में माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर एक पश्चिमी विक्षोभ,ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। उत्तरी-पश्चिमी भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर 222 किमी/घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 17 दिसंबर की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है।

## जवाहर नगर में दिनदहाड़े युवक पर चाकू से हमला, पुलिस जाँच में जुटी

**सतना।** सिटी कोतवाली अंतर्गत जवाहरनगर स्थित दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम के पास एक युवक ने सुमित सेन नामक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। बताया गया है कि चाकू सुमित के पेट के निचले हिस्से में लगा,जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के तुरंत बाद कुछ लोगों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां उसका उपचार किया जा रहा है। युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

### पुलिस कर रही है गहन जांच

वारदात की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी दल-बल सहित मौके पर पहुंचे और जाँच शुरू कर दी।पुलिस के अनुसार,घटना स्थल के



आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घायल युवक द्वारा जिसके खिलाफ शिकायत की गई है,वह व्यक्ति इस घटना में संलिप्त था या नहीं, इसकी गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ एवं घायल व्यक्ति के बारे में



मिली जानकारी के आधार पर बताया जा रहा है कि सुमित सेन के बारे में कहा जाता है कि वह स्वतः संदिग्ध आचरण का व्यक्ति है। पुलिस का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती,तब तक इस घटना के बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## मैहर में कचरा फेंकने के विवाद में माँ-बेटे की पिटाई, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की जाँच शुरू

**मैहर।** मैहर जिले से दिल दहला देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया,जहाँ एक युवक और उसकी माँ को सरेआम लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया है। यह मामला मैहर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धतुरा का है। बताया जा रहा है कि कचरा फेंकने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक उग्र हो गया और सोमवार दोपहर गाँव में मारपीट शुरू हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमले में पूर्व सरपंच की भूमिका रही है। घटना के बाद से गाँव में तनाव का माहौल बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई है और मामले की जाँच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## वर्षों बाद जागी दुकानदारों की टूटी आसः सीएमओ ने सौंपी दुर्गा कॉम्प्लेक्स की दुकानें, दुकानदारों ने जताया आभार

**मैहर।** रीवा रोड स्थित दुर्गा कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों के लिए सोमवार का दिन राहत और खुशी लेकर आया। वर्षों से न्यायालयीन प्रक्रिया में उलझे इस मामले में मुख्य नगर परिषद अधिकारी (सीएमओ) सुषमा मिश्रा द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन के बाद आखिरकार दुकानदारों को उनकी दुकानें सौंप दी गईं। गौरतलब है कि हाईकोर्ट मामला जाने के दौरान सीएमओ सुषमा मिश्रा ने दुकानदारों को दुकान आवंटन का भरोसा दिलाया था। आज सोमवार को सीएमओ सुषमा मिश्रा अपने समर्थित पार्षदों के साथ रीवा रोड स्थित दुर्गा कॉम्प्लेक्स पहुँचीं और सभी पीड़ित दुकानदारों को चाभी सौंपकर दुकानों का विधिवत सुपुर्दनामा किया। वर्षों की लंबी न्यायालयीन लड़ाई के बाद दुकान मिलने की खुशी में सभी दुकानदारों ने



सीएमओ एवं मौजूद पार्षदों का फूल-मालाओं व श्रीफल भेंट कर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। वहीं,सीएमओ सुषमा मिश्रा ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों का उद्देश्य कभी किसी का नुकसान करना नहीं है,बल्कि सभी को साथ लेकर नगर के विकास की दिशा में कार्य करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर पार्षद रशीदा बेगम,पार्षद प्रतिनिधि अमित उर्फ गुड्डू उर्मीलिया,राजेश सिया बाई साहू,धर्मेन्द्र दुर्गा बंसल,परवेज सौदागर सहित बड़ी संख्या में दुकानदार उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड के मधुर स्वर और प्रशासनिक सहयोग के साथ 'विन्ध्य व्यापार मेला' सचिवालय का भव्य शुभारंभ





**सतना।** विन्ध्य क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित आयोजन,12वें 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेला 2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए,सोमवार को मेला सचिवालय का भव्य उद्घाटन समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह मेला विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज,सतना द्वारा 19 दिसंबर 2025 से 29 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। सचिवालय का उद्घाटन करते हुए, कलेक्टर सतीश कुमार एस ने चेम्बर की ऊर्जा और सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा,जिस दिन से मैंने सतना में कार्यभार संभाला है,चेम्बर की निरंतर सक्रियता प्रशंसनीय है। मेला समिति जिस ऊर्जा से कार्य कर रही है,यह सराहनीय है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए हर संभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि समारोह का शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे श्रीमती सविता गुप्ता और उनकी टीम द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा के सुमधुर संगीतमय गायन से हुआ। पाठ के पश्चात,शाम 4 बजे कलेक्टर सतीश कुमार एस ने रिबन काटकर आधिकारिक तौर पर मेला सचिवालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह भी उपस्थित रहे। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। पूरे परिसर में पुलिस बल के साथ सुरक्षा गार्ड,सीसीटीवी कैमरे,फायर ब्रिगेड और पार्किंग की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी प्रतिदिन रंगमंचीय कार्यक्रम आयोजित होंगे,जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। कार्यालय व्यवस्था समिति के संयोजक दीपक अग्रवाल ने बताया कि सुंदरकांड के मधुर गायन के बाद सभी गायक टीम का सम्मान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात,सभी गणमान्य अतिथियों ने मेला परिसर में चल रही तैयारियों का अवलोकन किया और आयोजन की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चेम्बर के वरिष्ठ पदाधिकारीगण,पूर्व अध्यक्ष,कार्यकारिणी सदस्य, संयोजक और शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोरातराल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, बिलासपुर संस्करण- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- घरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. बीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवाड पिता/पति देवगिरी गायकवाड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, भोपाल संस्करण- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, जबलपुर संस्करण- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति बीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

# बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, लगे आरोप

छतरपुर।

जिले कि जनपद पंचायत बड़ामलहरा के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत रामटौरिया के सिंचाई कॉलोनी में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है जिससे वहां के निवासियों ने आपत्ति दर्ज कराई। लेकिन इसके बाद भी घटिया निर्माण चल रहा है। बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में सीमेन्ट के स्थान पर डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। और घटिया ईटें लगाई जा रही है सीमेन्ट नाम मात्र के लिए उपयोग की जा रही है जिससे इस बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य पर सबाल खड़े हो रहें है। सूत्रों कें अनुसार बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में रेत की जगह पूरी तरह से डस्ट का उपयोग किया जा रहा है मौके पर काम कर रहें श्रमिकों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि जो मसाला उपयोग किया जा रहा है उसमें सीमेन्ट की मात्रा बहुत कम रहती है जिससे दीवाल की मजबूती पर बड़ा खतरा मडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां रेत का उपयोग होना चाहिए बहां सिर्फ डस्ट मिलाई जा रही है ऐसे में बाउण्ड्रीवाल की दीवाल एक भी बारिश नही झेल पाएंगी।



## ईटों की गुणवत्ता पर उठे सबाल -

बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में कमजोर और निम्र गुणवत्ता की ईटों का उपयोग किया जा रहा है। मामले की गंभीरता तब और बड़ गई जब यह पता चला कि बाउण्ड्री के निर्माण के लिए घटिया स्तर की ईटों का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण के दौरान ही कई ईटें टूट टूट कर गिर रही है। बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में इस्तेमाल की जा रही ईटें पहली श्रेणी की ना होकर बेहद कमजोर और भुरभुरी है मजबूती पर सबाल डस्ट और कमजोर ईटों के मिश्रण से बनी यह बाउण्ड्रीवाल सरकारी सम्पत्ति और जनता के पैसे का सीधा नुकसान है जो लम्बे समय तक नहीं टिक पाएंगी।

## अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सबाल

इतने बड़े पैमाने पर घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है लेकिन सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों ने अब तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। सबाल यह उठता है कि क्या निर्माण कार्य की निगरानी सही ढंग से हो रही है या फिर अधिकारियों की मिलीभगत से यह अनियमितता चल रही है। ग्रामीणों ने मांग की है इस निर्माण कार्य की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच दल गठित किया जाए और निर्माण कार्य को तत्काल रोक कर उपयोग की जा रही सामग्री जैसे ईट,डस्ट, और मसाले के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाए। और दोषी ठेकेदार व संबंधित विभागीय अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए क्योंकि यह बाउण्ड्रीवाल सिंचाई कॉलोनी की सुरक्षा और सौन्दर्य के लिए बनाई जा रही है। लेकिन घटिया निर्माण सामग्री के कारण यह जल्द ही एक जर्जर सरंचना में बदल जाएंगी। इसलिए प्रशासन को इस गंभीर मामले को तत्काल संज्ञान में लेना चाहिए।

## इनका कहना है -

इंजीनियर को मौके पर भेजकर बाउण्ड्री के निर्माण कार्य की जांच करवाता हूॅ। अगर ऐसा पाया जाता है, तो निश्चित रूप से कठोर कार्यवाही की जाएंगी।

**ईश्वर सिंह बर्मा**
**सीईओ, जनपद पंचायत बड़ामलहरा**

## खबर संक्षेप



### जबरन जमीन जोत रहा भाई, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। जिले के ग्राम जागुवां टपरियन निवासी किसान ने अपने सगे भाई पर गाली-गलौच, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही पीड़ित ने थाना स्तर पर शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम जागुंवा टपरियन निवासी कैलाश सिंह राजपूत ने बताया कि उन्हें पैतृक भूमि में हिस्सा मिला है, जिसका आपसी बंटवारा पहले ही हो चुका है। आरोप है कि उनके भाई हरिश राजपूत ने जबरन उनके हिस्से का खेत जोत दिया और फसल की बुवाई कर दी। जब कैलाश सिंह और उनकी मां गिरजा बाई ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौच की और मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। कैलाश सिंह का यह भी आरोप है कि उन्हें राजनीतिक दबाव का हवाला देकर डराया गया और कहा गया कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने 9 और 10 दिसंबर को भी थाने में आवेदन दिए, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उनके साथ कोई बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला पंचायत सभा कक्ष में सोमवार को सेवानिवृत हो चुके अधिकारी एवं कर्मचारियों को पीपीओ (पेंशन अदायगी आदेश) वितरण किए। सहायक शिक्षक निरुपमा वर्मा बीईओ ईशानगर, कौशलेंद्र सिंह सोलंकी बीईओ नौगांव, राम मनोहर द्विवेदी बीईओ नौगांव, वीरेंद्र कुमार नामदेव बीईओ ईशानगर और प्राथमिक शिक्षक तरसिला तिलो

# मारपीट की घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

## दोनों पक्षों ने एसपी को आवेदन देकर की निष्पक्ष कार्वाही की मांग

छतरपुर।

**थाना भगवां क्षेत्र के ग्राम विश्वां में हुई मारपीट की घटना को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अलग-अलग आवेदन सौंपकर कार्रवाई व निष्पक्ष जांच की मांग की है।**

पीड़ित मुकेश राय के परिजनों ने एसपी को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि 12 दिसंबर 2025 की रात करीब 8 बजे ग्राम बंधा निवासी इंदू सिंह घोषी अपने साथियों राजेन्द्र, जगभान सिंह, महाराज सिंह, राजेन्द्र घोषी व जीतेंद्र सिंह घोषी के साथ जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि शराब व मुर्गा पार्टी के लिए 5 हजार रुपये की मांग की गई, इंकार करने पर गाली-गलौज और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़ित के अनुसार हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं, साथ ही घर से करीब 10 तोला सोने का हार व एक लाख रुपये नकद लूट ले गए। घायल मुकेश राय का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस ने सही धाराओं में प्रकरण दर्ज नहीं किया। इतना ही नहीं, इलाज के दौरान आरोपी इंदू सिंह कथित तौर पर कट्टा लेकर अस्पताल पहुंचा और जान से मारने का प्रयास किया, जिसकी शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने आरोपियों द्वारा लगातार धमकियां देने और रास्ता रोकने का भी आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष से महाराज सिंह पिता रामप्रसाद सिंह निवासी ग्राम विश्वां ने एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग की। आवेदन में कहा गया कि मुकेश राय और इंदुमोहन घोषी के बीच आपसी रंजिश के चलते विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट इंदुमोहन द्वारा की गई। इसके बावजूद मुकेश राय के भाई पहलवान राय द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में 6-7 लोगों के नाम जबरन शामिल करा दिए गए। महाराज सिंह ने आरोप लगाया कि एफआईआर में उनका नाम सहित जगभान सिंह, राजेन्द्र सिंह और अमान सिंह के नाम भी दर्ज हैं, जबकि इनका घटना से कोई संबंध नहीं है। आवेदन में यह भी कहा गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर गांव में शराब न पीने व न बेचने का सर्वसम्मत निर्णय हुआ था, इसके बावजूद कथित शराब बिक्री को लेकर विवाद बढ़ा और शराब कंपनी के दबाव में निर्दोष लोगों के नाम रिपोर्ट में दर्ज कराए गए।

### निष्पक्ष जांच की मांग

दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एक ओर पीड़ित परिवार ने गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है, वहीं दूसरे पक्ष ने निर्दोष लोगों के नाम एफआईआर से हटाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने दोनों आवेदनों पर जांच के बाद उचित कार्वाई का आश्वासन दिया है।

# प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2025 में पद बढ़ाने की मांग, अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा आवेदन

छतरपुर।

**मध्य प्रदेश प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा (वर्ग-3) 2025 में विज्ञापित 13,000 पदों की संख्या को बढ़ाकर 25,000 करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक आवेदन सोमवार को प्रशासन को सौंपा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी वर्तमान विज्ञापन में पदों की संख्या अत्यंत कम है, जिसके कारण वर्षों की कठिन तैयारी के बावजूद बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार चयन से वंचित रह गए हैं।**



आवेदन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की संख्या काफी अधिक है, ऐसे में नए नोटिफिकेशन के स्थान पर वर्तमान चयन प्रक्रिया में ही पदों की संख्या बढ़ाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों का तर्क है कि नया विज्ञापन जारी होने पर पूरी भर्ती प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी, जिससे समय की भारी बर्बादी होगी और कई अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर सकते हैं। एमपीटीईटी वर्ग-3 की भर्तियों में पहले ही वर्षों का विलंब हो चुका है। अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि 13,000 पदों में से लगभग 3,200 पद विशेष शिक्षा के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिससे सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अवसर और सीमित हो गए हैं। इसके साथ ही चयन परीक्षा का स्तर 10वीं कक्षा का बताया गया था, लेकिन प्रश्नपत्र स्नातक स्तर तक कठिन रहा, जिससे अंकों में गिरावट आई और अनेक योग्य अभ्यर्थी मात्र 1-2 अंकों के अंतर से चयन से बाहर हो गए। आवेदन में कहा गया है कि वर्षों की तैयारी, आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक अपेक्षाओं के बावजूद अवसर सीमित रह गए हैं, जिससे अभ्यर्थी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि यदि वर्तमान चयन प्रक्रिया में ही प्रत्येक विषय में सीमित संख्या में पदों की वृद्धि कर दी जाए, तो हजारों युवाओं को न्याय मिलेगा और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अंत में अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से वर्ग-2 एवं वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने के संबंध में सहानुभूतिपूर्वक और सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। उनका विश्वास है कि ऐसा निर्णय प्रदेश के हजारों परिवारों के भविष्य में आशा की नई किरण लेकर आएगा।

# महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक

## एएसपी द्वारा दिए गए आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन



### पीड़िताओं की सहायता हेतु आवश्यक कार्यवाही का दिया गया प्रशिक्षण

**छतरपुर। सोमवार को पुलिस प्रशिक्षण शाला छतरपुर में जिले के समस्त थानों एवं कार्यालयों की महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले द्वारा उपस्थित महिला पुलिस कर्मियों से उनकी पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी स्थिति की जानकारी ली गई तथा पुलिस ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्यूटी के दौरान अनुशासन, समय-पालन एवं जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन करें, यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो वरिष्ठ अधिकारियों को शीघ्र सूचित करें, समस्या का हल निकाला जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ड्यूटी में महिला पुलिस कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अतः सभी महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। पुलिस एक परिवार है तथा विभाग की विभिन्न कल्याणकारी एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान जिले के समस्त थानों के महिला हेल्प डेस्क प्रभारियों को जनसामान्य एवं पीड़िताओं की सहायता हेतु आवश्यक कार्यवाही, संवेदनशीलता एवं त्वरित सहयोग के संबंध में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव, महिला सुरक्षा शाखा से उप निरीक्षक तबस्सुम खान सहित जिले के सभी थानों, कार्यालयों एवं शाखाओं की महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहीं।

### नाबालिगों से वैश्यावृत्ति कराने के मामले में बड़ा फैसला, महिला आरोपी को 10 साल की सजा

छतरपुर। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) छतरपुर द्वारा सोमवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया गया है। यह मामला महिला थाना छतरपुर में दर्ज वर्ष 2024 का है, जिसमें संतोषी उर्फ विमलेश तिवारी पर नाबालिग बच्चियों से वैश्यावृत्ति कराने का गंभीर आरोप था। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूर्ण करते हुए आरोपी संतोषी उर्फ विमलेश तिवारी को धारा 343 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत वैश्यावृत्ति कराना एवं वैश्यावृत्ति वाले स्थान पर नाबालिग एवं बालिग महिलाओं को रखने का दोषी पाया। साथ ही अनैतिक व्यापार (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी महिला को 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 30 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त, सह-आरोपी हरि सिंह राजपूत को भी न्यायालय द्वारा 2 वर्ष के कारावास की सजा दी गई है। उल्लेखनीय है कि यह मामला वर्ष 2024 में दर्ज हुआ था, जिसमें एक वर्ष के भीतर ही सुनवाई पूर्ण कर न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई, जो त्वरित न्याय का उदाहरण है। मामले की पैरवी अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार द्वारा की गई, जिन्होंने निर्णय की जानकारी दी।

# खाद्य पदार्थो की सैंपलिंग में लापरवाही पर एफएसओ के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

## प्राइवेट काउंटर्स को मंडियों में लगाएं, खाद वितरण में भीड़ की स्थिति ना बने: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

छतरपुर।

**जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को टीएल प्रकरण सह अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।**




कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि जिले के डबल लॉक, मार्कफेड, सोसायटियों में पर्याप्त खाद उपलब्धता सुनिश्चित करें, मंडियों में भीड़ की स्थिति को रोकने प्राइवेट काउंटर्स को भी मंडियों में डबल लॉक केन्द्रों में लगाएं। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार खाद की डिमांड भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों में खाद वितरण एसडीएम अपनी निगरानी में कराएं।

कलेक्टर ने 17 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण में अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही गांव में जाकर जिन पशुपालकों के पास 5 से 9 पशु हैं उनके सर्वे कर पशुपालन के लाभ से अवगत कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनपद सीईओ को पोषण वाटिका, रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना (संबल 2.0) अंतर्गत समय सीमा में छूट एवं अपीलीय प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए।

**विशेष गहन पुनरीक्षण में एएसडी एवं तार्किक विसंगतियों को अगले 2 दिवसों में क्लियर करने के निर्देश -**

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि) एवं लॉजिकल (तार्किक) विसंगतियों को अगले 2 दिवस में क्लियर करने के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए एवं फॉर्म 6 एवं 8 को बीएलओ से ज्यादा से ज्यादा प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।

**सीएम हेल्पलाइन की नॉन अटेंडेड शिकायते रहने पर 2 मंडी सचिव, एवं एसएडीओ को 1-1 दिन का अवैतनिक करने के निर्देश**

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए वन विभाग, जेल, राजस्व, विज्ञान प्रौद्योगिकी, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, श्रम, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग को ग्रेडिंग सुधार एवं शिकायतों को फोर्स क्लोज के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी सचिव छतरपुर, बड़ामलहरा एवं लवकुशनगर एवं नौगांव एसएडीओ सहित अन्य की नॉन अटेंडेड शिकायते रहने पर 1-1 दिन का अवैतनिक करने के निर्देश दिए। उन्होंने निकायों, जनपदों को विशेषरूप से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समाधान के अट्रीब्यूट्स की शिकायतों भी जल्द निराकरण कराएं एवं 1000 दिवस से अधिक की शिकायतों के लिए स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया।

कलेक्टर ने जनपदों एवं निकायों की आधार से समग्र ई-केवाईसी रिपोर्ट की समीक्षा की जिसमें छतरपुर, लवकुशनगर के सीईओ एवं हरपालपुर और बक्सवाहा के सीएमओ को प्रगति बढ़ाकर 90 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडी एनएचएआई को सागर कबरई प्रोजेक्ट एनएच 34 (पैकेज 3 एवं 4) के संबंधित क्षेत्रों में अंशनिर्धारण के विरुद्ध मुआवजा स्वीकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना हरपालपुर बायपास 1, गुलगंज-अमानगंज-पवई- कटनी पार्ट 1 एवं 2 के लंबित भू अर्जन की भी समीक्षा की। साथ ही केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के प्रभावित मकानों एवं परिसंपत्तियों के वितरण पैकेज की भी समीक्षा की।

### औषधि निरीक्षक द्वारा विगत दिवसों में जांच की कार्यवाहियां ना करने पर शोकॉज

कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खाद्य पदार्थों के नमूने (सैंपलिंग) की कार्यवाहियों की जानकारी ली। और नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खजुराहो में लगातार वीवीआईपी भ्रमण के बावजूद सैंपलिंग की कार्यवाही में लापरवाही की गई जिसके लिए एफएसओ का निलंबन हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने औषधि निरीक्षक से विगत दिवसों में जांच की कार्यवाहियों की जानकारी ली और कार्यवाहियां ना करने पर शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पेंशन अभियान में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा, जल संसाधन, आरईएस, पीएचई, पीडब्ल्यूडी विभाग को संबंधित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। एवं लोक सेवा गारंटी में समय सीमा से बाहर प्रकरण होने पर सीएमओ महाराजपुर पर 500 रुपए की पेनाल्टी अधिरोपित की।

### आंगनवाड़ी भवनों के अप्रारंभ निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश

एक बगिया मां के नाम में जनपदों में फेंसिंग, वृक्षारोपण के कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश समस्त जनपद सीईओ को दिए। निकायों में आंगनवाड़ी भवनों के अप्रारंभ निर्माण कार्य में टेंडर लगाकर कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए एवं वित्त वर्षों के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों के कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन हेतु एमपीईबी के अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान में तैयार डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान के हितग्राहियों को कैंपस में लाभांवित करने के भी निर्देश दिए।

### बैठक में अनुपस्थित रहने पर कई अधिकारियों को शोकॉज -

बैठक में अनुपस्थित रहने पर डीओटीडब्ल्यू, जीएम पीएम जीएसवाय, ऊर्जा विकास निगम के अधिकारी, पीडी एनएचएआई, एसडीओ एनएच, खेल एवं क्रीड़ा अधिकारी, एसडीओ पुलिस हाउसिंग बोर्ड को अनुपस्थित रहने पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए।

# संतुष्टिपूर्वक आवेदनों का निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें - कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदन पत्रों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें।

रीवा ।



सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। लेबल एक और दो में कोई भी प्रकरण अनअटेंडेड न रहे। बिना किसी कार्यवाही के आवेदन लेबल एक से दो पर गया तो संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। सभी एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रसूति सहायता योजना के लंबित प्रकरणों में भुगतान कराने के साथ संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। अस्पताल में उपचार से जुड़ी शिकायतों का भी तत्काल निराकरण कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंप सुधार की सभी शिकायतें तीन दिवस में निराकृत कराएं। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण विशेष प्रयास करके निराकृत करें। जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक धान उपार्जन में भुगतान से संबंधित आवेदनों पर विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी ई अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज न करने वाले शिक्षकों के वेतन रोकने की कार्यवाही करें। संकुल प्राचार्य के माध्यम से ई अटेंडेंस का पालन न करने वाले शिक्षकों की सूची तैयार कराएं। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव को नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि 25 दिसम्बर को अटल पार्क में बड़ा कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यपालन यंत्री पीआईयू तथा हाउसिंग बोर्ड पार्क के आसपास चल रहे अधूरे कार्य पूरे कराकर परिसर की साफ-सफाई कराएं। सभी बहुमंजिला भवन वाले कार्यालय और अस्पताल में अग्निशमन के उचित प्रबंध करके नगर निगम से फायर एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। निर्माण कार्य कराने वाले विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अस्पताल तथा अन्य भवन में शीघ्र आग पकड़ने वाली सामग्री का उपयोग न्यूनतम हो। बैठक में डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, मनगवां संजय जैन, जवा पीयूष भट्ट तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।1

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल मंगूभाई पटेल कल आयेंगे रीवा



**रीवा ।** राज्यपाल मांगूभाई पटेल 17 दिसंबर को रीवा आयेंगे। राज्यपाल पटेल 17 दिसंबर को सुबह 10.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे। इसके बाद राज्यपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 11.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेगे तथा रिसर्च, इनोवेशन और इनक्यूवेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। तदुपरांत वह दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह शामिल होंगे। राज्यपाल दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस आयेंगे और दोपहर 3 बजे एयरपोर्ट रीवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### संजीवनी क्लीनिक कुठुलिया में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। संजीवनी क्लीनिक कुठुलिया में 16 दिसम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के संबंध में बैठक आज

**रीवा ।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जाने के संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक 16 दिसंबर को आहूत की गयी है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मोहन सभागार में गैस एजेंसी के संचालकों एवं सेल्स आफीसर आईओसीएल, एचपीसीएल तथा बीपीसीएल से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### फांसी के फंदे में झूली युवती

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ी मोहल्ले में घर के अंदर एक युवती ने फंसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। बताया गया कि घटना की जानकारी घर में मौजूद परिजनों को नहीं हुई और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन कर घर में हुई घटना की जानकारी दी। 25 साल की युवती के मौत की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के अस्पताल भिजवाया। जानकारी दी गई कि रश्मि लोनिया 27 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला रोजाना की तरह सुबह उठने के बाद रविवार को पानी भरी, चाय पी और फिर कमरे में जाकर फंदे में झूल गई। मृतक युवती के भाई ने बताया कि बहन के पास किसी सत्यम नाम के युवक का फोन आया था, जिससे बात करने के बाद ही बहन ने आत्मघाती कदम उठा लिया। युवक ने युवती द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम के बाद उसके भाई को भी कई बार फोन किया और घटना के बारे में बताया। युवती ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, यह साफ नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर अब कॉल डिटेल से घटना की वजह की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।



## उप मुख्यमंत्री ने निर्माणधीन एमसीएच भवन का किया निरीक्षण

रीवा।


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन मेटरनल एण्ड चाइल्ड हेल्थ भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# कथावाचक वेदांती महाराज का निधन

### सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ली अंतिम सांस, कथा वाचन के दौरान सीने में दर्द होने ने बिगड़ी थी तबियत, उपचार के दौरान हुआ निधन

रीवा।





अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरा और पूर्व सांसद डॉक्टर रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया, उनका निधन रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हुआ है. तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.उनका शव रीवा से ग्रह ग्राम गुढ़वा से अयोध्या ले जाया गया, जहां मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाना है। रामविलास दास वेदांती 10 दिसंबर को दिल्ली से रीवा पहुंचे थे, उनकी रीवा में उस वक्त तबीयत खराब हो गई,जब रामकथा चल रही थी. इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था,लेकिन रविवार को जब उनकी तबीयत ज्यादा खराब हुई तो उन्हें भोपाल ले जाने की तैयारी की जाने लगी. इसके लिए एयर एंबुलेंस भी बुला ली गई थी, लेकिन वह घने कोहरे की वजह से लैंड नहीं कर पाई. इस वजह से उन्हें रीवा से भोपाल नहीं लाया जा सका और सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। वेदांती राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख चेहरे रहे हैं, उन्होंने इस आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया था,इसके अलावा जब वह सांसद बने तो संसद में भी मंदिर को लेकर मजबूती से आवाज उठाई थी, इन्हें राम जन्मभूमि न्यास का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था, इसके अलावा इनका नाम बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में भी था, लेकिन साल 2020 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने इन्हें बरी कर दिया था, कोर्ट ने कहा था कि बाबरी मस्जिद को पहले से योजना बनाकर नहीं ढहाया गया। रामविलास दास वेदांती दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे,पहली बार उन्होंने 1996 में मछली शहर लोकसभा सीट से चुनाव जीता था,इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में 1998 में प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा चुनाव जीता था। डॉ. वेदांती का 7 अक्टूबर 1958 को रीवा के गुढ़वा गांव में जन्म हुआ था. उन्होंने महज 12 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था,वह अपना घर छोड़कर अयोध्या आ गए और हनुमानगढ़ी के महंत अभिराम दास के शिष्य बन गए,संस्कृत के प्रकांड विद्वान माने जाने वाले वेदांती सरयू किनारे स्थित 'हिंदू धाम' पर रहते थे, उनका खुद का 'वशिष्ठ भवन' एक आश्रम भी है। सीएम योगी ने जताया शोकउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक जताते हुए एस पर लिखा कि डॉ. रामविलास वेदांती का दुनिया को अलविदा कहना आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है. उनका दुनिया से चले जाना एक युग का अवसान हो जाना है. धर्म, समाज और देश की सेवा को समर्पित उनका जीवन भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा. दिवंगत पुण्यात्मा को भगवान अपने श्रीचरणों में स्थान दें।निधन पर उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोकउप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पूर्व सांसद एवं राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख संत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वेदांती महाराज के निधन से भारतीय समाज सनातन संस्कृति और करोड़ों रामभक्तों को अपूरणीय क्षति पहुँची है। उनका जीवन संतत्व राष्ट्रभक्ति और धर्म के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण रहा है। उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोक संतप्त शिष्यों अनुयायियों और परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वेदांती जी महाराज ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए दशकों तक तप त्याग और संघर्ष का मार्ग अपनाया। उन्होंने जनजागरण के माध्यम से रामभक्तों को संगठित किया और न्यायालय में सत्य व आस्था के पक्ष में निर्भीक होकर अपनी गवाही दी। उनका योगदान न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के लिए भी अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि उनका निधन एक युग के अवसान के समान है। उनके विचार, संघर्ष और संकल्प सदैव रामभक्तों और सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

## ट्रेन से पहुंचा अवैध विस्फोटक: दो गिरफ्तार, 50 किलो जिलेटिन व 400 नग डिटोनेटर के साथ महिला पुरुष पकड़ाए



रीवा।

डभौरा पुलिस ने अवैध रूप से लाई जा रही विस्फोटक की बड़ी खेप के साथ एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। विस्फोटक की यह खेप ट्रेन के माध्यम से डभौरा स्टेशन लाई गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर विस्फोटक के साथ एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके पर 400 नग डेटोनेटर और केवल के साथ-साथ अन्य विस्फोटक सामग्री मिली है, जिसे फिलहाल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जानकारी दी गई कि शनिवार को पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर डभौरा एसडीओपी नारायण सिंह कुम्हरे के नेतृत्व में डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने यह कार्रवाई की है। कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से प्राप्त हुई सूचना के बाद जनता एक्सप्रेस से डभौरा रेलवे स्टेशन में उतरे एक महिला और पुरुष को बाजार में घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनके पास से दो झोले में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में सोहागी निवासी विनोद माझी और जवा के ग्राम छदेनी निवासी पूजा मांझी शामिल है। बताया गया कि महिला और पुरुष दोनों आपस में रिश्तेदार हैं और उनके द्वारा विस्फोटक की यह खेप उत्तर प्रदेश के मानिकपुर से लाई गई थी। पुलिस की माने तो आरोपियों द्वारा विस्फोटक सामग्री क्षेत्र में लोगों को अवैध रूप से बिक्री के लिए लाई गई थी। आरोपियों के कब्जे से 50 किलो जिलेटिन व 400 नग डेटोनेटर सहित केवल और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अवैध विस्फोटकर अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कार्यवाही की है।

## रोजगार मेला संभागीय आईटीआई रीवा में 17 दिसंबर को

रीवा ।

युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रोजगार मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रोजगार मेले में 38 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं , स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में हीरो हरिद्वार प्लांट उत्तराखण्ड, रिन्यू फोटो वॉल्टाई सीएस प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात, टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशन प्रा. लि. तलेगांव रोड पुणे, सोल्जर प्रो फोर्स प्रा.लि. वापी गुजरात, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार,टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा.लि. बेंगलुरू, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (सोलर) जामनगर गुजरात, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, एमआरएफ लिमिटेड दहेज, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, संतारा कॉसमेटिक प्रा.लि. ऑनलाइन गुजरात, ऐलिन इलेक्ट्रॉनिक लि. नोयड, गाजियाबाद, कल्पतारू पावर ट्रांसमिशन लि. नोयडा, मुद्रा सोलर प्रा. लि. अडानी सोलर कच्छ गुजरात, रिलायंस एनर्जी, मदर सन आटोमोटिव लि. अहमदाबाद, उत्कर्ष स्मोल फाइनेंस प्रा. लि. जबलपुर, एक्सिस बैंक प्रा.लि., फिएट इंडिया आटोमोबाइल्स प्रा. लि. रंजनगांव पुणे, जे.के. टासर्य एण्ड इंड्रस्टीज लि. वानमोर मुरैना, फ्लिप कार्ट रीवा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, सिटी कार प्रा.लि. सतना, प्रगतिशील एग्रोटेक, प्रा.लि. रीवा, धूत ट्रांसमिशन औरंगाबाद, बजाज मोटर्स लिमि. हरिद्वार, धनन्जय ऑटो क्राफ्ट प्रा.लि. औरंगाबाद, संजीव ऑटो प्रा.लि. औरांगाबाद, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा.लि. पूणे (एमआरएफ लिमिटेड), प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा. लि. सतना, अनुसुईया सिक्योरिटी सर्विस प्रा. लि. रीवा तथा बजाज अलियाज प्रा. लि. की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## घने कोहरे में दौड़ रहा ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराया, 1 की मौत

**रीवा।** घने कोहरे के बीच यूपी की तरफ जा रहा ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना गढ़ के पास रविवार की अलसुबह की है। बताया गया कि तेज रफ्तार से हुई टक्कर में ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गढ़ थाना क्षेत्र से यूपी की तरफ ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 4027 जा रहा था जहां तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हादसे की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने घायल खलासी विपिन जायसवाल पिता इंद्रपाल जायसवाल को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया। वहीं आगे खड़ा ट्रक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि विपिन के दोनों पैर फैक्चर हो गए थे, साथ ही शरीर से काफी मात्रा में खून निकल गया था, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है। जान पर भारी लापरवाहीप्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क दुर्घटना में लापरवाही लोगों के बीच भारी पड़ रही है, बताया गया कि सड़क पर ट्रक खड़े करने पर प्रतिबंध है, इसके बावजूद कई ट्रक चालक सड़क ही ट्रक खड़ा कर मनमानी कर रहे है, साथ ही डिवाइडर में कट को भी ठीक करने कलेक्टर ने आदेश दिए थे ,लेकिन अब भी जगह-जगह मनमानी तरीके से डिवाइडर में कट बने हुए है, जो दुर्घटना का कारण बन रहे है। घने कोहरे के बीच लापरवाही जीवन पर भारी पड़ रही है।

## स्थानीय निर्वाचन के लिये प्रेक्षक नियुक्त

**रीवा ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा जिले में संपन्न होने वाले उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तराद्र्धध) स्थानीय निर्वाचन के संचालन के लिये श्री कृष्ण मोहन गौतम सेवानिवृत्त (मा.प्र.से.) को प्रेक्षक नियुक्त किया है।

## करप्शन के खिलाफ मऊगंज के अन्ना के आंदोलन को प्रशासन ने कुचलने के लिए झोंक दी ताकत

### अगस्त क्रांति मंच ने दिया समर्थन

मऊगंज

जिले में कथित रिश्वतखोरी के मामले में बचाव में उतरा प्रशासन,टेंट लोड वाहन को कराया जप्त,कर्मचारी को हटाने की बजाय उल्टा आंदोलनकारियों को दे डाली धमकी।**रिश्वतखोरी के मामले में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने कथित रिश्वतखोरी के मामले में पत्रकारों के सवाल पर बड़ा बयान देते हुए कहा की यदि इस तरह के आरोप लगे हैं हमारी भाजपा सरकार में सतना जिला इसका ताजा उदाहरण है**कहा रिश्वतखोरी के मामले में जरुर होगी कार्यवाही।* मऊगंज जिला विकास के मामले में प्रगति की बजाय प्रशासन में भ्रस्टाचार और अराजक व्यवस्था को लेकर लगातार खबरों की सुर्खियों में है,इस बार रिश्वतखोरी से जुड़ा मामला सामने आया है लेकिन बात तब बेहद गम्भीर हो जाती है जब कलेक्ट्रेट में बैठाए गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर 1 लाख 12 हजार रुपये कथित रिश्वतखोरी के आरोप लगे हो और अफसर उसे हटाने की बजाय,उक्त मामले को बेहद गम्भीर बताते हुए देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान में सक्रिय मुद्रिका प्रसाद विश्वमित्र ने पंकज श्रीवास्तव को जिला प्रशासन से हटाने की मांग और रखी थी लेकिन ऐसा नही करते हुए मऊगंज के अन्ना कहे जाने वाले श्री विश्वमित्र उनके साथी रामेश्वर प्रसाद गुप्ता,विपिन सिंह,उमाकांत पाण्डेय धरने पर बैठे,आश्चर्यजनक ढंग से पंकज श्रीवास्तव के मोह में बौखला कर प्रशासन ने अपने दमनकारी नीति अपनाई है।और 15 दिसम्बर की सुबह धरना स्थल में टेंट लेकर पहुंचे वाहन को जप्त करवा लिया तो वहीं खुले आसमान के नीचे बैठे अनशन कारियो को बिना अनुमति धरने की बात कहकर एसडीएम राजेश मेहता ने उन्हें गिरफ्तार करने की बात कह डाली लेकिन अनशन कारी अपनी मांग पर बिना डरे सहमे मैदान में टिके रहे। जिसके बाद अधिकारी वहां से निकल लिए। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर पर भ्रस्टाचारियो के बचाव का गम्भीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ नारा लगाते हुए कहा कि हम जेल से डर नही हम अधर्म के खिलाफ मरने को तैयार हैं। कलेक्टर कार्यालय से जुड़े रिश्वतखोरी के खिलाफ इस धरना प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंजबिहारी ने प्रशासन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा अफसर ही इस भ्रस्ट व्यवस्था में बंटा रहे हाँथ।इस बीच भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने पंकज श्रीवास्तव के कथित रिश्वतखोरी के मामले में पत्रकारों के सवाल पर बड़ा बयान देते हुए कहा की यदि इस तरह के आरोप लगे हैं हमारी भाजपा सरकार में सतना जिला इसका ताजा उदाहरण है।रिश्वतखोरी के मामले में जरुर कार्यवाही होगी।